आपके डॉक्टर स्किन टेस्ट न कराने की सलाह भी दे सकते है यदि (३):

०१ आपमें ६ हफ़्तों के भीतर गंभीर किस्म का एलर्जिक रिएक्शन देखा गया है। आप कुछेक पदार्थों के प्रति इतने संवेदनशील हैं कि स्किन टेस्ट में यदि उसकी अत्यल्प मात्रा भी इस्तेमाल की गई तो वह जीवन के लिए जोखिमप्रद रिएक्शन (एनाफिलैक्सिस) पैदा कर सकता है। हालांकि, उचित सावधानी के साथ ६ हफ़्तों के बाद स्किन प्रिक टेस्ट को दोहराया जा सकता है।

०२ आप वैसी दवाएं लेते हैं जो टेस्ट परिणाम में हस्तक्षेप कर सकती हैं। इनमें एंटीहिस्टेमाइन, कई एंटीडिप्रेसेंट और कुछ हर्टबर्न दवाएं शामिल हैं। आपके डॉक्टर इस बात का बेहतर निर्धारण कर सकते हैं कि आपको ये दवाएं जारी रखनी हैं या फिर स्किन टेस्ट के लिए तैयारी हेतु इन्हें कुछ समय के लिए बंद करना है।

०३ आपमें त्वचा संबंधी कुछ स्थितियां हैं। यदि आपको त्वचा संबंधी कोई समस्या (गंभीर एक्जिमा या सोरायसिस (अपरस) है जो आपकी बांह और पीठ पर की त्वचा के बड़े हिस्से सामान्यतः परीक्षण स्थल – को प्रभावित करती है, तो ऐसा हो सकता है कि एक कारगर टेस्ट करने के लिए पर्याप्त रूप से स्पष्ट, असंबद्ध त्वचा मौजूद न हो। ऐसी स्थिति में, एक रक्त परीक्षण किया जा सकता है।

क्या टेस्ट सुरक्षित है (३)?


आपकी त्वचा पर एलर्जेन की अत्यंत थोड़ी मात्रा का परीक्षण किया जाता है, इस प्रकार स्किन टेस्टिंग सुरक्षित है। टेस्ट के दौरान, एलर्जी विशेषज्ञ (एलर्जिस्ट) द्वारा संभावित गंभीर एलर्जिक रिएक्शन पर नजर रखी जाएगी, लेकिन यह विरले ही घटित होता है।

एलर्जी विशेषज्ञ के ऑफ़िस में स्किन टेस्ट को बेहतर ढंग से संपन्न किया जाता है ताकि टेस्ट के परिणामों का सही ढंग से पढ़ना सुनिश्चित हो सके और दुर्लभ प्रकार के दुष्प्रभावों के जोखिम को कम किया जा सके।

स्किन प्रिक टेस्ट से संबंधित क्या कोई गुणवत्ता आश्वासन (क्वालिटी एश्योरेंस) उपाय भी है (4)?
एलर्जेन एक्सट्रैक्ट में बैच-से-बैच संगतता होनी चाहिए और स्किन टेस्ट के परिणाम तुलनीय होने चाहिए, जब अलग अलग विनिर्माताओं से वही एक्सट्रैक्ट का प्रयोग किया जाता है। केवल यदि बैच-से-बैच संगतता बनाए रखी जाती है तो लो-फ़ाल्स-पॉजिटिव के साथ परिणाम अधिक विश्वसनीय बनते हैं और टेस्ट की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

ALLERGY & IMMUNO THERAPY CLINIC
**ADVANCED LUNG CARE CENTRE (ALCC)**
(A venture of Unik Klinical Research Pvt. Ltd.)


18, Vijayanand Society, Near Getwell Hospital,
Dhantoli, Nagpur.
M : 9022602632

# स्किन प्रिक टेस्ट

ALLERGY & IMMUNO THERAPY CLINIC

**ADVANCED LUNG CARE CENTRE (ALCC)**
(A venture of Unik Klinical Research Pvt. Ltd.)

## एलर्जी संबंधी तथ्य

०१ एलर्जी में प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा प्रायः सामान्य पदार्थों जैसे- भोजन, घरों में धूल के कण या पराग इत्यादि के प्रति एक अतिरंजित प्रक्रिया देखी जाती है।

०२ प्रतिरक्षा प्रणाली एक जटिल प्रणाली है जो बाहरी हमलावरों जैसे- बैक्टीरिया या विषाणु से शरीर की रक्षा करती है।

०३ एलर्जेन्स वे पदार्थ हैं जो शरीर के लिए बाहरी होते हैं और सामान्यतः नुकसानदेह नहीं होते, किन्तु एलर्जी वाले रोगियों में अत्यधिक/अनावश्यक प्रतिक्रिया दिखला सकते हैं।

०४ इम्यूनोग्लोबुलिन E (IgE) एक एंटीबॉडी है जो एलर्जिक प्रतिक्रिया को प्रेरित करता है।

०५ एलर्जी केवल किसी भी उम्र में विकसित ही नहीं हो सकती है, बल्कि बहुत से व्यक्तियों में समय के साथ एलर्जी बढ़ती भी जाती है।

०६ हालांकि एलर्जी के विकास में पर्यावरण/वातावरण की भूमिका होती है, तथापि एलर्जिक स्थितियां विकसित होने का जोखिम तब अधिक होता है यदि एक व्यक्ति के परिवार में, विशेषकर माता-पिता या चचेरे भाई-बहनों में एलर्जी का कोई इतिहास मौजूद हो।

## एलर्जी क्या है (१)?

कुछ बाहरी पदार्थों के संपर्क में आने की प्रतिक्रिया के रूप में हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली द्वारा प्रदर्शित अतिरंजित प्रतिक्रिया को एलर्जी कहते हैं। यह अतिरंजित इसलिए है क्योंकि ये बाहरी पदार्थ प्रायः शरीर के लिए गैर-नुकसानदेह होते हैं और गैर-एलर्जी वाले लोगों में इनके विरुद्ध कोई प्रतिक्रिया नहीं होती। एलर्जी वाले व्यक्तियों में, शरीर बाहरी पदार्थ को नुकसानदेह मानता है, जिसके फलस्वरूप प्रतिरक्षा प्रणाली का एक भाग प्रतिक्रिया करता है।

## एलर्जी का क्या कारण है (१)?

एलर्जी उत्पन्न करने वाले पदार्थों को "एलर्जेन्स" कहा जाता है। एलर्जेन्स के उदाहरणों में शामिल हैं:- घरों में धूल के कण, पराग, फफूंदी, पशु-प्रोटीन, भोजन और यहां तक कि दवाइयां भी।

एलर्जी की भाषा को समझने के लिए, यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि एलर्जेन्स वे पदार्थ हैं जो शरीर के लिए बाहरी हैं तथा कुछ लोगों में एलर्जी उत्पन्न कर सकते हैं। जब कोई एलर्जी वाला व्यक्ति एक एलर्जेन के संपर्क में आता है तो इम्यूनोग्लोबुलिन (IgE) एंटीबॉडी के माध्यम से प्रतिरक्षा प्रणाली प्रतिक्रिया करती है। इसलिए, वैसे लोग जो एलर्जी के प्रति संभावित होते हैं, उन्हें एलर्जिक या 'एटोपिक' कहा जाता है।

एलर्जी टेस्ट आपके लक्षणों की मूल वजह जानने का एक तरीका है। ये आपके प्रेरकों का पता लगाने और समस्याओं को रोकने में आपके डॉक्टर की मदद करते हैं।

एलर्जी स्किन टेस्ट के दौरान, आपकी त्वचा संदिग्ध एलर्जी-कारक पदार्थों (एलर्जेन्स) के संपर्क में आती है, और फिर एलर्जिक रिएक्शन के संकेतों के लिए अवलोकन किया जाता है।

आपके चिकित्सा इतिहास के साथ, एलर्जी टेस्ट से इस बात की पुष्टि की जा सकती है कि आपके द्वारा स्पर्श किया जाने वाला,श्वसन के माध्यम से लिया जाने वाला या खाया जाने वाला कोई विशेष पदार्थ लक्षण की वजह तो नहीं है।

## स्किन प्रिक टेस्ट क्या है (२,३)?

स्किन प्रिक टेस्ट सबसे सामान्य एलर्जी टेस्ट है जिसे विशेष रूप से प्रशिक्षित स्टाफ़ द्वारा एक एलर्जी क्लीनिक में संपन्न किया जाता है। पंचर या स्क्रैच टेस्ट नाम से भी ज्ञात एक स्किन प्रिक टेस्ट द्वारा एक ही समय में कई पदार्थों से तत्काल एलर्जिक रिएक्शनों की जांच होती है। आम तौर पर इस टेस्ट को पॉलेन (पराग), मोल्ड (फफूंदी), पेट डैंडर (पालतु पशुओं के बालों की रूसी), डस्ट माइट (धूल कण) और खाद्य पदार्थों के प्रति एलर्जी का पता लगाने के लिए किया जाता है। वयस्कों में, इस टेस्ट को सामान्यतः बांह की कलाई पर किया जाता है। बच्चों में पीठ के ऊपरी हिस्से में परीक्षण किया जा सकता है।


## स्किन प्रिक टेस्ट कैसे किया जाता है (२)?

स्किन प्रिक टेस्ट में शामिल है:

०१ त्वचा पर – सामान्यतः बांह की कलाई, ऊपरी भुजा या पीठ पर – उन पदार्थों की थोड़ी मात्रा रखना जिनसे आपके लक्षण दिख सकते हैं।

०२ फिर त्वचा को छिद्रित किया जाता है ताकि एलर्जेन त्वचा की सतह के नीचे चले जाएं।

०३ स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा सूजन तथा लालिमा या प्रतिक्रिया के अन्य चिह्नों/संकेतों पर गहन दृष्टि रखा जाता है। सामान्यतः १५ से २० मिनट में परिणाम देखे जा सकते हैं।




०४ एक समय में कई एलर्जेन्स का परीक्षण किया जा सकता है।




## टेस्ट के लिए क्या तैयारी अपेक्षित है (२)?

किसी भी एलर्जी टेस्टिंग से पहले, स्वास्थ्य सेवा प्रदाता द्वारा निम्न के बारे में पूछा जाएगा:

०१ बीमारी

०२ आप कहां रहते और काम करते हैं

०३ जीवन शैली

०४ भोजन और खाने की आदतें

एलर्जी दवाओं से स्किन टेस्ट के परिणाम बदल सकते हैं। आपके डॉक्टर बताएंगे कि किन दवाओं से बचना है और टेस्ट से पहले उन्हें कब बंद करना है।

## टेस्ट से कैसा महसूस होगा (२)?

स्किन टेस्ट के दौरान त्वचा में चुभोए जाते समय बेहद हल्की असहजता हो सकती है।
यदि आप एलर्जी से ग्रस्त हैं तो आपको उस एलर्जेन से – जिसके प्रति आप एलर्जिक हैं –परिचित कराने के बाद उस जगह पर एक छोटा सूजन दिखेगा जैसा मच्छर के काटने पर दिखता है। आपको यह जानने के लिए अधिक प्रतीक्षा नहीं करनी होती कि आपके एलर्जियों का प्रेरक क्या है। लगभग २० मिनट के भीतर रिएक्शन दिखने लगते हैं। और जहां टेस्ट संपन्न किया गया था वहां आमतौर पर सिवाय छोटे पित्तियों (हाइव्स) के अलावा कोई अन्य लक्षण नहीं दिखेगा जो कि अगले ३० मिनट के भीतर चला भी जाएगा।

## परिणामों की आप कैसे व्याख्या करते हैं (२)?

*सामान्य परिणाम*

निगेटिव टेस्ट परिणाम का अर्थ है कि एलर्जेन के प्रति प्रतिक्रियास्वरूप त्वचा में कोई बदलाव नहीं है। प्रायः इस निगेटिव रिएक्शन के होने का अर्थ है कि आप पदार्थ के प्रति एलर्जिक नहीं हैं।

### स्किन प्रिक टेस्ट का विश्लेषण परिणाम

| व्हील डायमीटर | | |
|---|---|---|
| | एलर्जेन | परिणाम |
| सत्यापन | < ३ mm | निगेटिव |
| | ≥ ३ mm | पॉजिटिव |
| निगेटिव कंट्रोल: > ० मिमी<br>पॉजिटिव कंट्रोल: > ३ मिमी | | |

*असामान्य परिणाम का क्या अर्थ है*

पॉजिटिव परिणाम का अर्थ है कि आप एक पदार्थ के प्रति रिएक्ट करते हैं। आपके डॉक्टर को व्हील नामक एक लाल, उभरी हुई जगह (गुमड़ा) दिखेगी।

स्किन टेस्ट सामान्यतः सटीक होते हैं। एक पॉजिटिव स्किन टेस्ट का अर्थ है कि आप किसी विशिष्ट एलर्जेन के प्रति संवेदनशील हैं। हालांकि, एलर्जी से होने वाली बीमारियों के लिए एलर्जिक संवेदनशीलता एक प्रमुख जोखिम कारक है, यह एलर्जिक बीमारियों का कोई पर्यायवाची नहीं है। लोगों में एलर्जी स्किन टेस्टिंग के साथ एक पदार्थ के प्रति पॉजिटिव प्रतिक्रिया हो सकती है, लेकिन रोजमर्रा के जीवन में उस पदार्थ से कोई समस्या नहीं होती। पॉजिटिव स्किन टेस्ट के आधार पर एलर्जी का निदान होता है जो कि आपके क्लीनिकल इतिहास से सह-संबंधित होता है। दुर्लभ मामलोंमें, एक व्यक्ति में निगेटिव एलर्जी टेस्ट दिख सकता है, इसके बावजूद भी वह व्यक्ति एक पदार्थ के प्रति एलर्जिक हो सकता है।

आपके डॉक्टर आपके लक्षणों को पैदा कर सकने वाले पदार्थों से बचने के लिए, आपके द्वारा किए जा सकने वाले जीवन शैली बदलावों पर सलाह देने के लिए आपके लक्षणों और आपके स्किन टेस्ट के परिणामों पर विचार करेंगे। डॉक्टर द्वारा आपके लक्षणों को नियंत्रित करने के लिए एंटीहिस्टेमाइन, इंट्रानेज़ल कोर्टिकोस्टेरॉयड और डिकंजेस्टैंट्स सहित कतिपय दवाइयां निर्दिष्ट की जा सकती हैं। डॉक्टर द्वारा एलर्जेन इम्यूनोथेरपी की अनुशंसा भी की जा सकती है।

एलर्जेन इम्यूनोथेरपी से दीर्घकालिक लाभ मिल सकता है। आप एक एलर्जेन के प्रति और अधिक अतिरंजित प्रतिक्रिया न करने के लिए अपनी प्रतिरक्षा प्रणाली को प्रशिक्षित कर सकते हैं। यह एलर्जी शॉट्स की एक शृंखला के माध्यम से किया जाता है जिसे इम्यूनोथेरपी कहा जाता है। सप्ताह में एक या दो शॉट्स से आप एक एलर्जिक प्रतिक्रिया का कारण बन सकने वाले एलर्जेन की बहुत थोड़ी खुराक के संपर्क में आ सकते हैं। इस खुराक को प्रायः तीन से छः माह की अवधि के दौरान धीरे धीरे बढ़ाया जाता है। तीन से पांच वर्षों तक हर चार सप्ताह में मेंटनेंस शॉट्स की आवश्यकता होती है। इम्यूनोथेरपी का प्रयोग प्रायः तब किया जाता है जब एंटीसिंप्टोमेटिक (लक्षणरोधी) दवा जैसे अन्य उपचार संतोषजनक नहीं होते हैं।